2 भारत-पाकिस्तान संबंध

युद्ध और शांति के बीच

राजेश एम० बसरूर

सन् 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारतीय इतिहास के अधिकांश हिस्से पर पकिस्तान के साथ उसकी लंबी शत्रुता की प्रधानता रही। इस चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता के दौरान युद्धों तथा संकटों की जो श्रृंखला प्रस्फुट हुई है, उनके कारणवश आशावादी संभावनाओं की गुंजाइश ना के बराबर हो गई है।[1] किन्तु आधे दशक तक निरंतर चलींचले समझौता वार्ताओं तथा मतैक्य की ओर छोटे लेकिन महत्त्वपूर्ण कदमों के सिलसिले के बाद भारत-पाकिस्तान संबंध अब नए स्तर पर जाने के संकेत दे रहे हैंरहा है। यह अध्याय भारत-पाकिस्तान संबंध के विकास का अनुरेखण प्रस्तुत करते हुए यह दिखाता है कि कैसे एक 'दुःसाध्य' प्रतिद्वंद्विता में मौलिक परिवर्तन आने शुरु हुए हैं। संक्षेप में, इस अध्याय का तर्क यह है कि प्रणालीगत स्तर पर परमाणु अस्त्रों के आगमन तथा वैश्वीकरण के दबावों, राष्ट्रसन्य के स्तर पर राष्ट्रीय पहचान तथा राजनीतिक व्यवस्था में प्रत्यक्ष बदलावों, तथा व्यक्तिगत स्तर पर नीति निर्माताओं द्वारा की गईकिस मस अभूतपूर्व पहलों ने भारत-पाकिस्तान संबंधों के प्रक्षेपपथ को बदलने में संयुक्त रूप से योगदान दियाकिया है। हालांकि सकारात्मक परिणामों का आश्ववासन अभी शायद ही दिया जा सकता है, यह प्रवृत्ति बेहतर समय की उम्मीदों को जगाने कि लिए बहुत ही उत्साहजनक है। फिर भी, यह देखा जाएगा, कि यह प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी तथा वृद्धिशील रहने वाली है।

प्रणालीगत स्तर पर संरचना तथा प्रक्रिया

सर्वप्रथम, अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के अंतर्गत संरचना तथा प्रक्रिया के बीच का अंतर समझना आवश्यक है। नव-यथार्थवाद के सरलीकृत विवरण के अनुसार संरचना का अर्थ अराजक व्यवस्था के भीतर शक्ति के ऐसे वितरण से है जहाँ देशसन्य एक दूसरे पर भरोसा नहीं करते।[2] प्रक्रिया का अर्थ है देशोंसन्यों के मध्य निरंतर होने वाली अनगिनत परस्पर क्रियाएँ। 'संरचना' व्यवहार के विस्तृत प्रतिमान उत्पन्न करती है। हितों तथा शक्ति के लिए संघर्ष करने की, गठबंधन करने की, हथियारों की होड़ में संलग्न होने की तथा कभी— कभी युद्ध लड़ने की देशोंसन्यों की प्रवृत्ति इन व्यवहारों के उदाहरण हैं।

'प्रक्रिया' अपनी जटिलता के कारण नव-यथार्थवादियों द्वारा तिरस्कृत है क्योंकि यह एक सुरुचिपूर्ण सिद्धांत की संभावना को नकारतीनक्कस्ता है। तथापि, यह कुछ महत्त्वपूर्ण व्यापक प्रतिमान उत्पन्न करतीकस्ता है। उदाहरणतया, जैसा कि नव-यथार्थवादी बताते हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था का परराष्ट्रीयकरण वर्तमान काल का एक प्रमुख लक्षण है। इसके कारण अंतर-राज्यीय संघर्ष अधिक महंगा हो गया है तथा इस कारण सहयोग की संभावना बढ़ने बड़ने लगी है।[3] साथ ही, प्रौद्योगिकीय बदलाव में तेजी की मतिवृद्धि के कारण कार्यक्षमता का अधिमूल्य बढ़ने लगा है तथा सहयोग का परिहार करना बहुत ही महंगा पड़ने लगा है। मिखाइल गोर्बाचेव यह समझ चुके थे और इसी कारण शीत युद्ध को समाप्त करने के लिए कार्यरत रहे ताकि सोवियत राज्य इस बदलाव के समय पीछे न रह जाए।[4] इसी प्रकार, परमाणु अस्त्रों के अगमन ने सामरिक अन्योन्याश्रय को जन्म दिया है तथा युद्ध कीके लागत को (संभावित लाभ के सापेक्ष में) अस्वीकार्य स्तर तक बढ़ा कर, निःशब्द रूप में ही सही, सहयोग को प्रेरित किया है।[5]

संरचना तथा प्रक्रिया के प्रभाव की बेहतर समझ हेतु प्रणालीगत स्तरों के बीच अंतर करना उपयोगी है। इसलिए, "अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था" पद का प्रयोग वैश्विक के साथ —साथ क्षेत्रीय स्तर के लिए किया गया है।[6] यदि संरचना की बात करें तो यह सरलता से

स्पष्ट है कि भारत तथा पाकिस्तान दोनों ही वैश्विक व्यवस्था में अपेक्षाकृत कमजोर देश सञ्य हैं। इसके विपरीत, क्षेत्रीय स्तर पर, जिसे दक्षिण-एशियाई अथवा उपमहाद्वीपीय व्यवस्था कह सकते हैं, भारत एक प्रमुख शक्ति है। हालांकि पाकिस्तान इस उपमहाद्वीपीय व्यवस्था में कोई तुच्छ प्रतियोगी नहीं है, वह सदा आकार, आबादी, आर्थिक शक्ति तथा सैन्य क्षमताओं के मामले में भारत से बहुत छोटा रहा है। बड़ी अथवा मजबूत शक्तियाँ छोटेछोटी अथवा कमजोर देशोंसञ्यों के साथ अलग व्यवहार करते हैं। जैसा माइकल मैन्डलबॉम दिखाते हैं, कमजोर देशसञ्य मजबूत देशों सञ्यों के समक्ष तभी झुकते हैं जब उनके पास कोई व्यवहारिक विकल्प नहीं बचता। अन्यथा, वे अनूठी रणनीतियाँ अपनाते रहते हैं।[7]

पहला, मजबूत देश सञ्य अपने से कमजोर देशों सञ्यों को राजनीतिक तथा आर्थिक संबंधों में वर्धन कर करीबी बढ़ाते हैं तथा अपनी शक्ति का अनुचित लाभ उठाते हैं। इसके विपरीत, कमजोर देशसञ्य 'परिखा-निर्माण/मोट बिल्डिंग' की रणनीति के द्वारा स्वयं को मजबूत देशोंसञ्यों से राजनीतिक तथा आर्थिक रूप से दूर रखने की कोशिश करते हैं ताकि वे अपनी भेद्यता को कम कर सकें। दूसरा, मजबूत देशसञ्य द्विपक्षीय अनुबंध को अधिक तरजीह देते हैं जिसके कारण वे लाभप्रद स्थिति में रहते हैं। दूसरी ओर, कमजोर देशसञ्य बहुपक्षीय तंत्र के पक्षधर रहते हैं ताकि उन्हें संविदा प्रक्रिया के दौरान दूसरों का समर्थन प्राप्त हो सके। तीसरा, मजबूत देशसञ्य कमजोर देशसञ्य पर अपनी शक्ति का बल लगाने का प्रयत्न करते हैं ताकि वे कमजोर देशसञ्य को अपनी इच्छा के आगे झुका सकें। इसके जवाब में कमजोर देशसञ्य अपने प्रयासों के माध्यम से अधिक से अधिक सैन्य शक्ति अर्जित करने में लग जाते हैं। इस प्रक्रिया को 'आंतरिक संतुलन' भी कहते हैं। साथ ही, दूसरे मजबूत देशों सञ्यों की सहायता से वे अपनी रक्षा की बेहतरी का प्रयत्न करते हैं जिसे 'बाह्य संतुलन' भी कहा जाता है। इसके परिणामस्वरूप, यदि कमजोर देशसञ्य सार्थक समर्थन प्राप्त करने में सफल होता है तो दो विरोधी देशों सञ्यों के बीच के संतुलन में बदलाव आता है। ऐसी स्थिति में मजबूत देशसञ्य का झुकाव भी संतुलन के प्रयासों के द्वारा अपनी स्थिति को बेहतर करने की ओर रहता है।

सन् 1947-71 के दौरान दक्षिण एशिया में व्यवहार के प्रतिमान मिश्रित रहे। एक तरफ भारत स्पष्ट रूप से बहुत बड़ा देशसञ्य था जिसके पास एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति होने के सारे गुण थे। भारत के पास दक्षिण एशिया का 73 प्रतिशत भूमि क्षेत्रफल, 77 प्रतिशत आबादी, तथा सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीएनपी) का 77 प्रतिशत था।[8] फिर भी, स्वतंत्रता के बाद के पहले दो दशकों तक भारत की वास्तविक क्षमता सीमित रही, जबकि पाकिस्तानी सेना भारत के संदर्भ में अपने सापेक्षिक बल का अतिशयोक्तिपूर्ण धारणा रखतीधास्ना स्खता रही स्ह।[9] इस कारण पाकिस्तान ने 'अवास्तविक आशावाद' के साथ बल पूर्वक कश्मीर को पाने की उम्मीद में आशा के साथ दो बार युद्ध आरंभ किया।[10] पहला युद्ध 1947–48 में लड़ा गया जिसमें पाकिस्तानी आशावाद आंशिक रूप से उचित प्रतीत होता दिखा क्योंकिक्युंकि पाकिस्तान को लगभग एक-तिहाई कश्मीर पर नियंत्रण प्राप्त हुआ। संयुक्त राज्य अमेरिका के शीत युद्ध कीके गुटबंधन व्यवस्था में सदस्यता मिलने के कारण पाकिस्तान का आत्मविश्वास भी बढ़ गया था। पाकिस्तान सन् 1954 में दक्षिण-पूर्व एशियाई संधि संगठन (सीटो) का तथा सन् 1955 में केंद्रीय संधि संगठन (सेन्टो) का सदस्य बना। इन सदस्यताओं के फलस्वरूप पाकिस्तान अमेरिकी टैंकटैन्क और लड़ाकू विमान प्राप्त करने में भी सक्षम हुआ। बाह्य संतुलनसंस्तुल्म में पाकिस्तान की सफलता से यह प्रतीत हो रहा था कि उसे क्षणिक लाभ प्राप्त हुआ। चीन के साथ सन् 1962 युद्ध में भारत के बुरे प्रदर्शन के मद्देनज़र सन् 1965 में पाकिस्तान ने पुन: सैन्य जोखिम उठाने का साहस दिखाया, परंतु इस समय वह असफल रहा। युद्धोत्तर हुए ताशकंद समझौते (जनवरी 1966) ने सन् 1948 के कश्मीर विभाजन की पुष्टि की।

1970 के दशक के आरंभ में पाकिस्तान पकिस्तान-अमेरिका-चीन संबंध के उदय के साथ भारत कीके संरचनात्मक स्थिति में बेचैनी सी आ गई। परंतु इस बेचैनी का मुकाबला भारत ने सोवियत संघ के साथ अगस्त 1971 में 'मैत्री संधि' पर हस्ताक्षर कर के किया। भारत के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई तथा पाकिस्तान कीकके आंतरिक कलह का लाभ उठाते हुए भारत ने सैन्य हस्तक्षेप किया। अत: सैन्य शक्ति का प्रयोग विपरीत दिशा में कारगर हुआ जब दिसंबरदिसम्बर 1971 में भारत ने इस तीसरे युद्ध का प्रयोग पाकिस्तान

के विभाजन तथा स्वतंत्र बांग्लादेश के सृजन के लिए किया।

यह एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन था। इसके उपरांत, 1980 के दशक के मध्य तक, भारत-पाकिस्तान संबंध मजबूत देश ~~सञ्य~~/कमजोर देश~~सञ्य~~ ढाँचे का पालन करते दिखे। क्षेत्रीय व्यवस्था की संरचना में भारत मजबूत देश~~सञ्य~~ तथा 'स्थानीय महाशक्ति' था (एक अतिशयोक्तिपूर्ण किन्तु निष्पक्ष राय के अनुसार) तथा पाकिस्तान एक कमजोर देश ~~सञ्य~~ था।[11] 1980 के दशक के मध्य तक भारत की सैन्य क्षमताएँ एक छोटे पाकिस्तान से बहुत ही अधिक थीं ~~थी~~। सन् 1985 में भारत का कुल सैन्य व्यय 8,921 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। इसके मुकाबले पाकिस्तान ने 2,957 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यय किया था।[12] सापेक्षिक दृष्टि से, पाकिस्तान ~~पकिस्तान~~ का व्यय इससे कहीं~~कई~~ अधिक रहा। इसी वर्ष भारत का सैन्य व्यय इसके सकल राष्ट्रीय उत्पाद का 3 प्रतिशत था जबकि पाकिस्तान के लिए सैन्य व्यय सकल राष्ट्रीय उत्पाद का 6.9 प्रतिशत रहा।[13] अपनी कमजोरी की भरपाई करने हेतु पाकिस्तान परमाणु अस्त्रों के अन्वेषण में सुदृढ़ रूप से जुट गया। परमाणु अस्त्र 'महान तुल्यकारक' का कार्य करते हैं जिसे 1980 के दशक के मध्य में पाकिस्तान~~पाकिस्तन~~ ने अंतत: प्राप्त कर ही लिया।

मजबूत देश~~सञ्य~~ की रणनीति का प्रयोग करते हुए भारत पाकिस्तान के साथ करीबी आर्थिक तथा सांस्कृतिक संबंध बनाने की चाह रखता रहा। तदनुसार, भारत पाकिस्तान के साथ उच्च स्तर के व्यापार का पक्षधर रहा, 1995 में पाकिस्तान को सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) का दर्जा दिया, तथा पाकिस्तानी सांस्कृतिक हस्तियों का भारत में स्वागत किया। दूसरी ओर, पाकिस्तान भारत के साथ व्यापार के विरुद्ध रहा, जिसमें तेजी से गिरावट आई। सन् 1948-49 के मुकाबले 1950 के आरंभ में आयात 32 प्रतिशत से तथा निर्यात 56 प्रतिशत से गिर के 'रिसाव मात्र' ही रह गया था।[14] हालांकि आधिकारिक व्यापार अप्रत्यक्ष व्यापार तथा तस्करी के साथ जुड़ा हुआ था, उसे बहुत निम्न स्तर पर रखा गया था। 1990 के दशक के अंत की ओर पाकिस्तान द्वारा भारत को किया गया निर्यात उसके पूरे निर्यात का मात्र 0.42 प्रतिशत था। भारत से आयात भी पाकिस्तान के पूरे आयात का मात्र 1.22 प्रतिशत था।[15] इसके फलस्वरूप, पाकिस्तान को प्रभावित करने की भारत की क्षमता कम से कम रही। सांस्कृतिक संपर्कों ~~संसर्गों~~ का त्याग किया गया। पाकिस्तान में लोकप्रिय हिंदी चलचित्रों तथा संगीत को वहाँ के बाजारों में प्रवेश करने से रोका गया। जैसा कि पाकिस्तानी लेखक इरफान हुसैन टिप्पणी करते हैं, राजनीतिक नेतृत्व द्वारा 'पाकिस्तान के अस्तित्व को उचित सिद्ध करने की चाह में एक ऐसे देश की छवि प्रस्तुत की गई जो संस्कृति और इतिहास की विरासत से अलग था तथा दक्षिण एशिया के नक्शे से भली भांति कटा हुआ था।'[16] परंतु वास्तव में, पाकिस्तान की नीति सामान रूप एक कमजोर राष्ट्र द्वारा एक मजबूत राष्ट्र के साथ सम्बद्धता का विरोध किए ~~किया~~ जाने की सावधानी को भी दर्शा रही थी।

कश्मीर के मुद्दे पर भारत का द्विपक्षीय राजनय पाकिस्तान के बहुपक्षीय दृष्टिकोण के विपरीत था। सन् 1972 के शिमला समझौते को भारत द्विपक्षीय राजनय के लिए पारस्परिक प्रतिबद्धता का बिन्दु मानता रहा और इस पर जोर डालता रहा। इसी कारण, भारत कश्मीर मुद्दे का संभावित समाधान द्विपक्षीय वार्ता से करना चाहता था। दूसरी ओर, पाकिस्तान लगातार संयुक्त राष्ट्र संघ, इस्लामी सम्मेलन संगठन (ओआईसी), तथा अगल-अलग देशों ~~सञ्यों~~, मुख्यत: अमेरिका तथा चीन, से समर्थन प्राप्त करने का प्रयत्न करता रहा।

1980 के दशक के मध्य से दो प्रणालीगत प्रक्रियाओं ने दक्षिण एशिया के सामरिक समीकरण को प्रभावित किया। परमाणु अस्त्रों के आगमन से भारत-पाकिस्तान संबंधों में नाटकीय परिवर्तन आया तथा दोनों देशों के बीच के द्वेषभाव ~~द्वेशभाव~~ में भारी उछाल भी आया। इसकी उलटी दिशा में, धीमी गति से ही सही, वैश्विक आर्थिक परिवर्तन की गतिवृद्धि ने सहयोग के लिए प्रोत्साहन प्रस्तुत किए। परमाणु अस्त्रों के मुद्दे पर परमाणु प्रसार के गुण तथा दोषों पर चर्चा दिलचस्प और उपयोगी भी है। परंतु यह चर्चा इस बात की समझ प्रस्तुत नहीं करती ~~कस्ता~~ कि ~~पस्माप्णु प्रतिद्वंद्विता में~~ जब देश ~~सञ्य~~ परमाणु प्रतिद्वंद्विता में लिप्त हो जाते हैं तो कौन

सी क्रियाशील ~~क्रियाशिल~~ प्रक्रियाएँ काम करती हैं।[17] सभी परमाणु प्रतिद्वंद्विताओं का स्वरूप एक सा दिखता है।[18] आरंभ में तनाव का स्तर तेजी से बढ़ता है जिससे संकट की ओर बढ़ने की प्रवृत्ति उत्पन्न होती है। बदले में परमाणु युद्ध के खतरे के कारण सजगता तथा सावधानी भी आती है तथा वार्ताएँ भी आरंभ होती हैं। तत्पश्चात प्रतिद्वंद्वी इस चक्र को दोहरा भी सकते हैं, अपितु ऐसा होना आवश्यक नहीं। अमेरिका तथा भूतपूर्व सोवियत संघ की भांति ही भारत तथा पाकिस्तान भी गंभीरतापूर्वक वार्ता आरंभ करने से पूर्व संकटकाल तथा वार्ता के एकांतर की श्रृंखला से गुजरे।[19] भारत-पाकिस्तान के बीच का तनाव बढ़ते पारस्परिक संदेहों तथा भय द्वारा गढ़ा गया था। पाकिस्तान द्वारा कम लागत के विकल्प अपनाने की नीति ने इन तनावों को अधिक विकट बना दिया। पाकिस्तान को जब यह ज्ञात हुआ कि भारत के पास युद्ध का विकल्प समाप्त हो गया है, तो उसके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और वह भारत, विशेष रूप से कश्मीर, में सक्रिय आतंकवादी समूहों का अधिक समर्थन करने लना।[20]

प्रथम संकट सन् 1990 में घटित हुआ। तब ~~जब~~ तक दोनों देश प्रच्छन्न रूप से ही परमाणु शक्ति थे। दोनों पक्षों ने, रक्षात्मक विन्यास में ही सही, सेना लामबंद करना आरंभ कर दिया ~~किया~~ किन्तु युद्ध टल गया। दोनों देशों द्वारा सन् 1998 की ग्रीष्म ऋतु में परमाणु परीक्षण के महज एक वर्ष के बाद ही सन् 1999 में दूसरा संकट पैदा ~~घटित~~ हुआ। इस बार पाकिस्तान ने ~~अपने कृत्यों की सीमाओं का विस्तार करते हुए~~ सैन्य दल को मुजाहिद्दीन के भेष में भेजा, जिन्हें कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर उन स्थानों पर कब्जा करने को कहा गया जिन्हें भारतीय सेना ने शीत ऋतु के दौरान खाली कर रखा था।[21] लड़ाई मई ~~के माह~~ से जून ~~के माह~~ तक चलती रही, परंतु दोनों देशों ने ~~बहुत बड़ी लामत पर~~ संयम ~~का प्रयोग किया~~ बरता। भारत ने नियंत्रण रेखा पार करने से परहेज किया ~~।~~ हालांकि इस फैसले ने भारत द्वारा हवाई हमले की क्षमता को सीमित कर भारत के प्रत्याक्रमण को धीमा कर दिया। हालांकि पाकिस्तान यह दावा कर रहा था कि वे घुसपैठिये स्वतंत्रता सेनानी थे, वह पीछे हटने के लिए मजबूर अपने सैनिकों का समर्थन करने भी नहीं आया। दोनों पक्षों ने यह ध्यान रखा कि तीव्रता में बढ़ोतरी ~~ना~~ न हो। दिसम्बर 2001 में एक तीसरा तथा दीर्घकालीन संकट तब आरंभ हुआ जब आतंकवादियों ने भारतीय संसद पर हमला किया तथा क्रुद्ध भारत ने सीमित युद्ध का भय दिखाया।[22] दोनों पक्षों ने सीमा पर पूर्ण रूप से लामबंदी की तथा प्रक्षेपास्त्र परीक्षण के माध्यम से परमाणु संकेतन का सहारा भी लिया। यह संकट धीरे धीरे समाप्त हो गया ~~गई~~ किन्तु अपने पीछे क्षय की भावना छोड़ गया ~~गई~~। एक और संकट सन् 2008 के अंत में घटित हुआ ~~हुई~~ जब पाकिस्तान के ~~स्थित~~ आतंकवादियों के एक छोटे से गुट ने मुंबई शहर में हिंसक हमला किया। इस हमले में ~~जिसमें~~ लघु शस्त्रों से करीब 170 लोगों की हत्या कर दी गई।[23] मई 2009 तक, हालांकि तनाव बरकरार था ~~बने हुए थे~~, स्थिति धीमी गति से सामान्य होने की ओर बढ़ रही है ~~रहे हैं~~। साथ ही, युद्ध की आशंका, जो पुन: एक समस्या के प्रकट हो रही थी, अब समाप्त सी हो रही है।[24]

समय—समय पर हुए ~~आवर्ति~~ टकरावों से दोनों देशों को कुछ लाभ मिले हैं। भारत ने विश्व का ध्यान पाकिस्तान द्वारा खतरा पैदा करने ~~जोखिम लेने~~ तथा आतंकवाद का ~~के~~ समर्थन करने की ओर आकृष्ट किया। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने भारत को कश्मीर पर अपनी यथास्थिति के परे सोचने तथा वार्ता करने के लिए विवश किया। साथ ही, दोनों देशों ने अपनी रणनीति की सीमाओं को भी समझ लिया है। सरहद पार का ~~के~~ आतंकवाद तथा सीमित युद्ध की आशंका जोखिम से भरे थे तथा परमाणु युद्ध प्रारंभ करने का कारक बन सकते थे। इस दृष्टिकोण से, समझौता ही एक स्वीकार्य विकल्प प्रतीत हुआ। जनवरी 2004 में, भारत तथा पाकिस्तान ने आतंकवाद, परमाणु जोखिम कम करने, तथा कश्मीर जैसे विविध मुद्दों पर 'समग्र वार्ता' करने के लिए सहमति ~~सहमती~~ दिखाई। सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि वे कश्मीर पर अगल हट कर सोच रखने लगे। दोनों देश कश्मीर पर परस्पर अनन्य दावों को छोड़ नियंत्रण रेखा को नम्र करने, कश्मीर के बंटे हुए हिस्सों के बीच संचार का विस्तार करने, तथा व्यापार को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने लगे।[25]

जब हम प्रणालीगत प्रक्रियाओं के आर्थिक पहलू की ओर रुख करते हैं, हमें यह दिखता है कि व्यवस्था में होने वाले घटनाक्रमों का महत्त्वपूर्ण प्रभाव भारत तथा पाकिस्तान पर पड़ता है। व्यवस्था का एक प्रमुख लक्षण 'वैश्वीकरण' था (और है) जो 1980 के दशक के

मध्य से एक प्रमुख प्रक्रिया रही। डेनियल बेल के शब्दों में 'तीसरीतीसस प्रौद्योगिकीय क्रांति' वस्तुओं, सेवाओं तथा मुद्रा के आवागमन में चमत्कारिक चमत्कारीक बढ़ोतरी का कारण थीथा, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, लघुरूपण, डिजीटलीकरणडिजिटिकरण्म तथा सॉफ्टवेयर विकास का मिश्रण था।[26] पराराष्ट्रीय उत्पादन तथा व्यापार और मुद्रा का तेजी से बढ़ता प्रवाह वैश्विक अर्थव्यवस्था का मुख्य लक्षण है। विश्व व्यापार का मूल्य 1960 में 244.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर 1980 में 3,846.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।[27] विकासशील देशों की पुरानी तीसरी दुनिया-वाद (थर्ड वर्ल्ड-इज़्म) के राष्ट्रीय संरक्षण की नीति व्यवहार्य नहीं रही। आगे बढ़ने के लिए देशों सज्यों का अधिक खुलीखुले तथा प्रतिस्पर्धात्मक अर्थव्यवस्था की ओर परिवर्तित होना आवश्यक हो गया।[28] जैसा किकी इस पुस्तक के चौदहवें अध्याय में राहुल मुखर्जी दिखाते हैं, भारत ने उदारीकरण के चुनौतीपूर्ण नए संसार में अनिच्छापूर्वक प्रवेश किया। भुगतान संतुलन के संकट से उबरने के लिए भारत को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से सहायता की आवश्यकताआवश्यकता थी , जिसने भारत को उबारने के बदले आत्मनिर्भर अर्थतंत्र का त्याग करने के लिए अनिवार्य रूप से मजबूर किया। उसके बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने गतिवृद्धि कर तीव्रता से विकास कीके उच्च दर को हासिल किया। इस बदले वातावरण में, जहाँ विकास हेतु प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त करने पर ध्यान दिया जाने लगा, भारत-पाकिस्तानपाकिसतान के द्वेषभाव से उपजी अस्थिरता के आर्थिक नुकसान असहनीय प्रतीत होने लगे। 2001–02 संकट के दौरान इस प्रभाव की सार्वजनिक आलोचना हुई।[29] नेताओं को यह बतायाबताया जाने लगा कि सूचना प्रौद्योगिकी कीका तीव्र-चाल में विश्व क्षेत्रीय तनावों तथा युद्ध के खतरे से उत्पन्न होने वाली अनिश्चितता को सहन करने के लिए तैयार नहीं है था।[30]

जैसा कि हमने देखा, राजनीतिक तनावों ने भारत-पाकिस्तान व्यापार को निम्न स्तर पर सीमित रखा क्योंकिक्युंकि पाकिस्तान स्वयं को सुरक्षित करने के लिए भारत से दूरी बनाए रखना चाहता था। 2001-02 संकट के समापन के बाद ही दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ने लगा। परामणु हथियारों ने मुकाबले को ऋणात्मक-योग खेल बना दिया है - इस जागरुकता के साथ-_साथ यह भी अभिज्ञात हुआ कि बढ़ते व्यापार के माध्यम से बहुत कुछ प्राप्त किया जा सकता है। पाकिस्तान ने भारत को एमएफएन का दर्जा नहीं दिया है, वह व्यापार खोलने कीके शर्तों की संविदा-प्रक्रिया के दौरान भारत से गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने की मांग करता रहा है।[31] वार्ता की प्रक्रिया के दौरान भारत-पाकिस्तान व्यापार 2004-05 में 521 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2007–08 में लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर पहुँच गया।[32] सन् 2008 में कश्मीर के विभक्त भागों के बीच व्यापार आरंभ करने पर आर्थिक लाभ के साथ तनावों में भी कमी आई। प्रस्तावित ईरान-पाकिस्तान-भारत गैस परियोजना पर वार्ता रुक-रुक कर चलती रही, हालांकि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच के तनावों ने इसे धीमा कर दिया।[33] इसके साथ भारत-पाकिस्तान के बीच सांस्कृतिक संबंध भी धीरे धीरे आरंभ हुए। पाकिस्तान ने चार दशकों से अधिक समय के बाद भारतीय चलचित्रों तथा सांस्कृतिक मंडलियों को देश में प्रवेश की अनुमति दी। जुलाई 2008 में पाकिस्तानी फिल्मचलचित्र रामचंद पाकिस्तानी ने दोनों देशों में एक साथ विमोचित हो इतिहास गढ़ा।[34] हालांकि नवम्बर 2008 के मुंबई आतंकी हमले ने संबंधों को तेज झटका दिया, 2008–09 का संकट पिछले तीन संकटों की तुलना में कम विकट रहा। एक प्रोत्साहक चिन्ह यह था कि उदासी के बावजूद व्यापार का बढ़ता परिमाण अपनी दिशा में ही रहा; पाकिस्तान में टमाटर का भारतीय निर्यात इस दौरान बढ़-ही गया।[35]

हालांकि शक्ति के प्रयोग की पारंपरिक समझ पर परमाणु अस्त्रों तथा आर्थिक अन्योन्याश्रय ने बाधाएँ लगा दी हैं, अन्य तरीकों से शक्ति अभी भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। पहला, आर्थिक शक्ति राष्ट्रों को साम दाम दंड भेद द्वारा वार्ताकारों को प्रभावित करने हेतु सक्षम बनातीबनाता है। यहाँ, एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में भारत का उदय ठीक उसी समय हुआ है जब पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था आंतरिक राजनीतिक उथल-पुथल के कारण डूबने से बचने के लिए भी संघर्ष कर रही है। प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ दोनों देशों के संबंधों में यह बुनियादी अंतर स्पष्ट रूप से झलकता है। महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यावली-निर्माता के रूप में भारत का कद पर्याप्त रूप से बढ़ा है। उदाहरणतया, जुलाई 2008 में विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) के दोहा दौर की वार्ता विफल रही क्योंकिक्युंकि भारत ने (चीन के साथ मिलकर) किसानों को दिए जाने वाले प्रशुल्क संरक्षण को हटाने के लिए अमेरिकी तथा

यूरोपीय~~युरोपीय~~ दबाव के सामने झुकने से इनकार~~इंकार~~ कर दिया।[36] इसी प्रकार, अगले माह भारत ने (पुन: चीन के साथ) विकसित राष्ट्रों के उन प्रयासों को सफलतापूर्वक अवरुद्ध किया जब घाना के अक्करा में विकसित राष्ट्र विकासशील राष्ट्रों पर ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन~~उत्सर्जन~~ में कटौती थोपना चाहते थे ,जबकि भूमण्डलीय वृद्धि~~तापन~~ में विकासशील राष्ट्रों का प्रति व्यक्ति योगदान बहुत कम है।[37] भारत ने साफ तौर पर अभूतपूर्व संस्थागत और आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन किया। इसके विपरीत, सन् 2008 के अंत के समय पाकिस्तान भयावह तंगहाली में था तथा ऋणदाताओं से विशाल नकदी प्रवाह की मांग कर रहा था। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर के वार्षिक पूँजी पलायन को रोकने के लिए संघर्ष कर रही थी।[38]

दूसरा, राजनीतिक शक्ति अभी भी मायने रखती है क्योंकि~~क्यूंकि~~ अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के संस्थागत ढांचे में अपनी राह बनाते देशों ~~सज्यों~~ की सफलता अथवा विफलता इसी से निर्धारित होती है। इस मोर्चे पर भारत ने एक वैश्विक कर्ता के रूप में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की जब सन् 2008 की~~के~~ शरद ऋतु में अमेरिका तथा परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) ने अपने प्रतिबंधक नियमों में बदलाव कर भारत के साथ असैन्य~~नागरिक~~ परमाणु व्यापार करने हेतु सहमति~~सहमती~~ दिखाई।[39] वॉशिंगटन द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि यह एकमात्र अपवाद है तथा पाकिस्तान को ऐसा समझौता प्राप्त नहीं होगा। अमेरिका के इस पहल को पड़ोसी देशों ~~सज्यों~~ के 'विसमासीकरण' की नीति (डी-हाइफनेटिंग) कहा गया तथा मात्र भारत के साथ विशेष व्यवहार किया गया।[40] फलत:, नई व्यवस्था ने परमाणु अस्त्र युक्त शक्ति के रूप में भारत की अवस्था को स्वीकृति दी क्योंकि~~क्युँकि~~ इसमें भारतीय नागरिक तथा सैन्य कार्यक्रम को पृथक करने की योजना की अभिस्वीकृति अंतर्निहित थी। ~~भारत के~~ परमाणु ऊर्जा की आवश्यक्ता के मुद्दे पर भारत के चिंता के भाव के पीछे संरचनात्मक गणना थी: एनएसजी के मुख्य संघटकों की मदद से नई महाशक्ति बनने को तैयार बैठे चीन के विरुद्ध भारत तथा अमेरिका के हितों का सम्मिलन~~संमिलन~~ हुआ।[41] अर्थशास्त्र ने भी अपनी भूमिका निभाई - भारतीय परमाणु ऊर्जा बाजार विशाल था। अमेरिका के सहायक वाणिज्य सचिव डेविड बोहिजियन के आकलन के अनुसार यह बाजार एक दशक में लगभग 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था।[42]

हालांकि परमाणु अस्त्रों की प्राप्ति के उपरांत पाकिस्तान को भारत के तुल्य सैन्य प्रतिष्ठा मिली, भारत की ~~के~~ बढ़ती~~ते~~ आर्थिक तथा राजनीतिक शक्ति के सम्मिश्रण ने दोनों देशों के बीच का अंतर बहुत बढ़ा दिया है। यह अंतर दोनों देशो में दीर्घकालिक सहयोग को प्रोत्साहित करता है (किन्तु आवश्यक नहीं बनाता है)। भारत के सामरिक क्षितिज का विस्तार उपमहाद्वीप के परे हो चुका है तथा एशिया में बड़ी भूमिका अदा करने हेतु सन्निकट परिप्रदेश में थोड़ी स्थिरता की आवश्यकता~~आवश्यक्ता~~ है। पाकिस्तान आंतरिक कठिनाईयों के कारण अभूतपूर्व रूप से कमजोर हो चुका है तथा ऐसी स्थिति में है जहाँ भारत को चुनौती देने की आर्थिक लागत तेजी से बढ़ रही है जबकि सहयोग के सैन्य तथा आर्थिक प्रलोभन एकसाथ~~एक ही समय पर~~ बढ़ रहे हैं।

अत:, प्रणालीगत स्तर पर, संबंध की प्रक्रिया में आए आधारभूत परिवर्तनों के कारण पुराने संरचनात्मक रूप से संचालित व्यवहार में बदलाव~~बदलाव~~ आया था। परमाणु अस्त्रों तथा आर्थिक पराराष्ट्रीयकरण के समक्रमिक प्रभाव ने निम्न कारकों द्वारा बदलाव की स्थिति उत्पन्न की: (i) पाकिस्तान पर हमले से सुरक्षा प्रदान कर उसके भेद्यता के भाव को घटाया; (ii) पर्याप्त जोखिम पैदा कर नेताओं को संबंध पर पुनर्विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया; तथा (iii) सहयोग के लिए मजबूत प्रोत्साहन बनाए क्योंकि~~क्युंकि~~ परमाणु अस्त्रों ने स्थिरता में पारस्परिक हित को ला दिया~~लाया~~ तथा वैश्विक आर्थिक दबावों ने सहयोग द्वारा उच्चतर लाभ की संभावना बनाई।[43] परंतु ये~~यह~~ बदलाव पूर्व निर्धारित नहीं थे, बल्कि ऐसा~~यह~~ दोनों देशों के~~द्वारा~~ ऐसे निर्णयों के कारण हुआ था जिन निर्णयों को लेने की आवश्यकता~~आवश्यक्ता~~ नहीं थी। इस मुद्दे पर हम बाद में लौटेंगे।

राष्ट्रगत स्तर पर पहचान तथा राजनीति

राष्ट्रीय पहचान की विषम धारणाएँ भारत तथा पाकिस्तान के बीच के द्वेषभाव में गहराई से सन्निहित थीं~~थे~~। स्वाधीनता के क्षण अलग हुए इन देशों में बहुत ही अलग तरीकों के राष्ट्र-राज्य बनाने की चाह थी।[44] जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत समावेशी पहचान बनाने का इच्छुक था। ऐसी पहचान के बल पर भारत के असाधारण रूप से विविध सामाजिक खण्डों- क्षैतिज (नृजातीय) तथा

ऊर्ध्वाधर (जाति/जनजाति/वर्ग) दोनों - को सामूहिक भविष्य की संरचना में अभिव्यक्ति का अवसर मिलता। पाकिस्तान, जिसे मोहम्मद अली जिन्ना के मुस्लिम भिन्नता के अभिकथन ने बनाया था, अनिश्चितता के कारण पाकिस्तान इस्लामिक पहचान के आधुनिकतावादी तथा धर्मनिरपेक्ष रूपों के बीच घूमने को प्रवृत हो रहा था। विभाजन की हिंसा, जो 'ऐसा बुरा सपना था जिससे यह उपमहाद्वीप अभी भी पूरी तरह नहीं उबर पाया', दोनों देशों कीके पारस्परिक धारणाओं में अभी तक विद्यमान है।[45] इसकाइसकी असरप्रभावशीलता कश्मीर के मुद्दे पर आम भारतीयों तथा पाकिस्तानियों के कटु विरोधी दृष्टिकोण में साफ झलकता है।[46]

कश्मीर एक अधूरी विदाई बिदाई का प्रतीक है तथा उसने पहचान कीके एक परस्पर अनन्य अवधारणा को अपनाया हुआ है। दोनों देश इसे अपनी छवि में उतारने का दावा करते हैं। कश्मीर की महत्ता को बढ़ाने में उन अपकेंद्री शक्तियों का भी योगदान रहा जिन्होंने समय—-समय पर दोनों देशों को तोड़ने का भय उत्पन्न किया। अपनी आंतरिक विविधताओं से अनभिज्ञ दोनों देश को यह भय है कि कश्मीर को हारने से राजनीतिक विघटन का आरंभ हो जायेगा। परन्तु, हालांकि भारत अपेक्षाकृत यथास्थितिवादी है, पाकिस्तान ने यथास्थिति को बदलने की पुरजोर कोशिश की है। भारत अपने हिस्से में मिले कश्मीर से संतुष्ट रहा है तथा स्थिति में बदलाव लाने के प्रयत्न भी नहीं कर रहा है क्योंकिक्यूंकि उसके पास कश्मीर घाटी के रूप में एक मुस्लिम बहुल इलाके का नियंत्रण है। इस कारण भारत को मुस्लिम समायोजक होने के अपने दावे को बनाए रखने की अनुमति मिलती है। इसके विपरीत, पाकिस्तान, जो हमेशा से भेद्य रहा तथा तथा सन् 1971 में बांग्लादेश के दूर हो जाने से और अधिक भेद्य हो गया है, कश्मीर के भौतिक अलगाव को बहुत नुकसानदेह मानता है। वह बल अथवा कूटनीति की मदद से बार— बार इस क्षेत्र को भारत से छीनने का प्रयत्न करता रहा है। इस प्रतीकात्मक रस्साकशी की तीव्रता का सबसे स्पष्ट चित्रण उत्तरी कश्मीर के सियाचिन हिमानी के बर्फिले बंजर के लिए होने वाले दीर्घकालिक सैन्य संघर्ष में हुआ है। सन् 1980 के दशक के आरंभ से होने वाली छिटपुट लड़ाइयों मेंसे बहुत अधिक क्षति सियाचिन के प्रतिकूल भूगोल ने ही पहुँचाई है।

पहचान का मुद्दा उतना सरल नहीं जितना प्रतीत होता है। मानववैज्ञानिक जानते हैं कि नृजातीय समूह केवल समान भौतिक तथा सांस्कृतिक विशेषता वाले व्यक्तियों के अनुभव से परिभाषित समूहोंसम्मूहन, अर्थात् 'एटिक', मात्र के रूप में नहीं बल्कि अधिक बेहतर रूप से 'एमिक', अर्थात् स्वयं को परिभाषित करने वाले होते है।[47] किसी व्यक्ति का किसी समूह के साथ बंधन बाह्य रूप से उस व्यक्ति कीके अन्य समूहों से भिन्नता तथा आंतरिक रूप से समूह के रहन में सहभागिता से उपजी संबद्धता की भावना से परिभाषित होता है। यह मानते हुए कि बड़े समूह लगभग सदैव ही विविध होते हैं, समूह के सामूहिक रहन में सहभागिता (कार्य) इसके साथ पहचान पाने के लिए (अनुभूति) आवश्यक है।[48] इसका अर्थ है कि राष्ट्र-राज्य के स्तर पर सामाजिक तथा राजनीतिक जीवन में (तथा फलत: इसके सकारात्मक योगदान में) एक आवाज़ होना राष्ट्रीय पहचान की गहन भावना हेतु एक आवश्यक शर्त है। यदि पहचान के बाह्य संघटक को इसके आंतरिक संघटक के साथ पर्याप्तपर्याप्त रूप से संतुलित नहीं किया जाए, तो पहचान सामूहिक बाह्य 'अन्य' के विरोध में ही सुदृढ़ होती है। भारत तथा पाकिस्तान के मामले में यह पूर्णत: स्पष्ट है।

सत्ता के बंटवारे के लिए होने वाले घरेलू संघर्षों के कारण कश्मीर का मुद्दा आरंभ से ही बिगड़ा हुआ था। इस कारण पहचान के आंतरिक संघटक कमजोर हो गए थे तथा पड़ोसी के प्रति द्वेषभाव ही राष्ट्रीय भाव का एक महत्त्वपूर्ण तत्व बन गया था। समय के साथ, भारत का अनुभव अपेक्षाकृत सकारात्मक होको गया। प्रधानमंत्री नेहरु के नेतृत्व में, हालांकि शक्ति का प्रयोग लोकतांत्रिक ढंग से हो रहा था, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस - जिसने महात्मा गाँधी के नेतृत्व में स्वाधीनता आंदोलन की अगुआई की - के प्रभुत्व के कारण शक्ति केंद्रीकृत ही रही। तत्पश्चात, नेहरू की पुत्री इंदिरा गाँधी (जिनका उपरोक्त हमनाम से कोई संबंध नहीं) ने शक्ति के केंद्रीकरण के माध्यममाध्यम से काँग्रेस की दुर्बलता को पूर्वानुमानित रूप से रोकने का प्रयास किया। किंतु, आपातकाल शासन की अवधि (1975-77) के विपतन को छोड़कर, विकेंद्रीकरण की निष्ठुर प्रक्रिया शुरू हुई। नेहरू-इंदिरा गाँधी 'वंश' के सदस्यों को देश का प्रधान-मंत्री पद मिलता रहा है किन्तु इसके बावजूद देश में गठबंधन सरकार ही बीसवीं शतब्दी का नियम बन चुकी चुके हैं।[49]

आवर्तक धार्मिक, भाषाई, तथा जातीय संघर्षों से घिरे होने के बाद भी भारतीय राजतंत्र धीरे धीरे एक स्थायी लोकतंत्र के रूप में विकसित हुआ जहाँ राजनीतिक शक्ति वि◌केन्द्रीकृत थी तथा चुनाव के बाद सत्ता का आवधिक हस्तांतरण निर्विघ्न होता रहा। देशसञ्य ने अलगाववादी हिंसा के नियमित प्रकोप का उत्तर बल के साथ दिया, परंतु बातचीत की इच्छा भी रखी।

लोकतांत्रिक ढांचे ने विविधताओं पर स्पष्टीकरण तथा वार्ता के लिए बहुत ही स्थिर प्रक्रिया विकसित की।[50] भारतीय समाज के खंडित चरित्र ने यह सुनिश्चित किया किकी कोई अहम आधिपत्य संभव ना हो। भारतीय जनता पार्टी सन् 1988 से 2004 तक सत्ता में रही। भाजपा के नेतृत्व में हिन्दू दक्षिणपंथ ने, कम सफलता के साथ ही सही, हिंदुत्व (अथवा हिंदूवाद) को वैकल्पिक समेकक लोकाचार के रूप में प्रस्तुत करने की इच्छा रखी।[51] भारतीय लोकतांत्रिक ढ़ाँचे में सबसे शक्तिशाली समूह को भी सत्ता प्राप्ति के लिए गठबंधन का सहारा लेना पड़ता है, जिसका निरपवाद रूप से मतलब होता है राजनीतिक पटलों के साथ समझौता। सन् 1989 से 2014 तक, सभी आम चुनावों ने बहुदलीय गठबंधन सरकारों को प्रस्तुत किया है।[52] अपनी कमियों की बहुलता के बावजूद भारतीय राजनीतिक व्यवस्था विस्तृत प्रतिभागियों की सहभागिता पर आधारित है तथा धीरे — धीरे सबसे वंचित स्तर तक पहुँच रही है। इस कारण एक अपनत्व की भावना उत्पन्न हुई है जो पहचान का आंतरिक तत्व है। परंतु व्यवस्था की खामियाँ इसकी कई बुराईयों से सुस्पष्ट है - निरंतर गरीबी और भूख, व्यापक भ्रष्टाचार, केंद्रस्थल में बढ़ता हुआ माओवादी आंदोलन, तथा जम्मू-कश्मीर में अंतहीन हलचल हल्चह। इनमें से अंतिम विफलता ने पाकिस्तान के साथ तनाव को तीव्र किया है।[53] अत: भारतीय पहचान का अंदरूनी चेहरा अभी भी अनिश्चितता और तनाव के भाव से क्षतिग्रस्त है।

पाकिस्तान के लिए संकट हमेशा ही अधिक रहा था क्योंकिस्ही थी क्युँकि उसने गंभीर बाधाओं के साथ शुरुआत की थी। 'राष्ट्रवाद कीके मौलिक गैर-क्षेत्रीय दृष्टि' क◌ो भौतिक रूप से सीमित स्थान पर इतिहास के लाभ के बिना पिरोना बहुत मुश्किल था।[54] नृजातीय रूप से खंडित समाज में ऐसा करने का प्रयत्न एक विशालकाय प्रयास की मांग करताकस्ती है तथा पाकिस्तान के पास नन्म तो इस लायक नेतृत्व (जिन्ना और लियाकत अली खान के अकालघटित निधन क◌े बाद) नन्म ही संस्थागत ढांचा उपलब्ध था। सन् 1971 में पूर्वी पाकिस्तान से टूट कर बांग्लादेश का निर्माण निर्मान हुआ तथा अन्य प्रदेश भी अशान्त होने लगे। जबकि सेना तथा मुख्यधारा के राजनीतिक दल स्थायी स्थिरता लाने में विफल रहे, उनके तनावों के कारण ही इस्लामी चरमपंथ तथा 'जिहाद की संस्कृति' को राजनीतिक जगह मिली।[55] अपनी खंडित राजनीति के कारण पाकिस्तान उस अंदरूनी आत्मविश्वास को पैदा करने में असमर्थ रहा है जो उसे भारत, विशेष रूप से कश्मीर, के प्रति अधिक आशावादी दृष्टिकोण प्रदान करता।

पाकिस्तानी सरकार सञ्य नागरिक तथा सैन्य नियंत्रण के बीच डगमगाती रही ना स्ह है।[56] अयूब खान के नेतृत्व में सेना ने सन् 1958 में एक बेलगाम तथा अस्थिर सत्ता को पराभूत किया। परंतु सन् 1971 में पूर्वी पाकिस्तान को हारने बाद देश को साथ रखने में विफल होने पर सेना ने शक्ति पुन: नागरिकों को दे दी। ज़ुल्फ़िकार अली भुट्टो की पाकिस्तान पिपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने भी कुछ बेहतर प्रदर्शन नहीं किया और सन् 1977 में जनरल ज़िया उल हक ने सत्ता पर कब्जा कर लिया। ज़िया ने भुट्टो पर मुकदमा चलाया, उन्हें मृत्युदण्ड दिया, तथा पाकिस्तानी शासन व्यवस्थासञ्य को इस्लाम की एक अधिक कठोर शैली की ओर पुनर्भिविन्यासित किया। परंतु ऐसा करने की प्रक्रिया में ज़िया नेनें कट्टरपंथी ताकतों को खुला छोड़ दिया। सन् 1988 में ज़िया की मृत्यु के बाद पाकिस्तान में नागरिक शासन की वापसी हुई जिसमें बेनज़ीर भुट्टो की के पीपीपी तथा नवाज़ शरीफ़ कीके पाकिस्तान मुस्लिम लीग के बीच एकांतर करते हुए उदासीनतापूर्वक प्रदर्शन हुआ। किंतु सेना को हतोत्साहित करने के नवाज़ के प्रयास के कारण जनरल परवेज़ मुशर्रफ़ द्वारा सन् 1999 में तख्तापलट किया गया हुअ। मुशर्रफ़ ने पहले मुख्य कार्यकारी तथा बाद में राष्ट्रपति के रूप में तब तक देश चलाया जब तक एक और लोक-सम्मत लहर ने सन् 2008 में नागरिक सरकारअधिकस की वापसी कसई नहीं करा दी । हालांकि मुशर्रफ़ राष्ट्रपति बने रहे, सत्ता का केन्द्र पीपीपी की ओर परिवर्तित हो गया, जो अभी आसिफ़ अली ज़रदारी के नेतृत्व में है। ज़रदारी ने अपनी पत्नी बेनज़ीर कीके हत्या के उपरांत इस दल का भार संभाला। सेना का आधिपत्य समय — समय पर संकटग्रस्त

होने के बावजूद कायम रहा है। सेना ने धार्मिक दलों के साथ गठबंधन कर, विरोधियों के खिलाफ उग्रवादी समूहों का कुशलतापूर्वक प्रयोग कर, तथा अमेरिका से वित्तीय और राजनीतिक समर्थन प्राप्त कर अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयत्न किया।[57] किंतु न ना तो प्रत्यक्ष नना ही अप्रत्यक्ष नियंत्रण ने बहुत लंबे समय तक कार्य किया तथा पाकिस्तानी राजनीति अस्थिरता से घिरीम्लान रही है।

प्रणालीगत प्रोत्साहन से चालित, भारत तथा पाकिस्तान, दोनों कश्मीर समस्या पर अपने शून्य-योग दृष्टिकोण से हट कर सीमा पार/नियंत्रण रेखा पर व्यक्तियों तथा वस्तुओं के आवागमन पर नियंत्रण कम कर संपर्क तथा संबंध के नए पुल बनाना चाहते हैं। किंतु राज्यगत स्तर के कारकों ने यह सुनिश्चित कर दिया कि शांति की ओर बढ़ते कदम अत्यंत धीमे बने रहें। भारत संशोधनवादी होने के बजाय यथास्थितिवादी रहा है। परंतु इसके पास पाकिस्तान के साथ संधि की ओर तेजी और मजबूती से बढ़ने की क्षमता का अभाव रहा है। गठबंधन सरकारों के दौर में वस्तुत: ऐसे हर मुद्दे पर मतैक्य बनाना, जो स्थापित नीति से महत्वपूर्ण बदलाव मांगता हो, असाधारण रूप से कठिन हो रहा है। इसके अतिरिक्त, 'हिंदुत्व' विचारधारा के उदय तथा पाकिस्तान के प्रति इस विचारधारा के तेजतर्रार रुख ने राजनीतिक समझौते को कठिन बना दिया है।

